भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली- 110001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा.2(3)/2018-हिन्दी दिनांक: 30 अप्रैल, 2025

# कार्यालय ज्ञापन

**विषय: केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 26 जून, 2025 को नई दिल्ली में तथा 10 जुलाई, 2025 को हैदराबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या **20016/02/2025-रा. भा. (का-2)** दिनांक **24 अप्रैल, 2025** की प्रति अनुपालन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है। उक्त कार्यालय ज्ञापन में राजभाषा विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में **दिनांक 26 जून, 2025** को नई दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जाएगा तथा **10 जुलाई, 2025** को हैदराबाद में भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यालय ज्ञापन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों तथा राजभाषा का काम देख रहे अन्य कार्मिकों को प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

अत: अनुरोध है कि राजभाषा विभाग के संलग्न उक्त कार्यालय ज्ञापन में दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की कृपा करें।

**संलग्नक:- यथोपरि**

दासगुप्ता

(सुपर्णा दासगुप्ता)

निदेशक (राजभाषा)

**वितरण:- (ई-ऑफिस के माध्यम से)**

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/ब्यूरो/निदेशालयों/केंद्रों/एटीएआरआई (अटारी) के निदेशक।
2. परियोजना निदेशक, डीकेएमए, पूसा नई दिल्ली को भाकृअनुप की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. गार्ड फाइल

संख्या 20016/02/2025-रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
******

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 24अप्रैल, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

राजभाषा संबंधी सांविधानिक और कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने व संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के एक स्वतंत्र विभाग के रूप में 26 जून 1975 को राजभाषा विभाग की स्थापना की गई।

2. सहर्ष अवगत कराना है कि इस वर्ष राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा 26 जून, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जाना है। इसी उपलक्ष्य में एक अन्य सम्मेलन 10 जुलाई, 2025 को, जीएमसी बालयोगी इनडोर स्टेडियम, हैदराबाद में भी आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी होंगे।

3. अतः केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/सम्बद्ध कार्यालयों/नराकास (अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव) आदि से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं।

4. इन सम्मेलनों में प्रतिभागियों के टी.ए./डी.ए. का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

5. उक्त दोनों सम्मेलनों में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

6. सम्मेलनों में प्रतिभागिता हेतु अपना पंजीकरण (निःशुल्क) राजभाषा विभाग की वेबसाइट rajbhasha.gov.in पर दिल्ली सम्मेलन हेतु दिए गए लिंक https://164.100.54.224/olgj/ तथा हैदराबाद सम्मेलन के लिए https://164.100.54.224/olhyd/ पर करना आवश्यक है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव(कार्यान्वयन)
फोन: 011-23438129

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/अधीनस्थ कार्यालय/ सम्बद्ध कार्यालय/स्वायत्त संस्थान/संवैधानिक निकाय आदि।